दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 22 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच राज्य सरकार ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों से कोयले की बिक्री करने का फैसला किया।

02. राष्ट्रीय लोक मोर्चा महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के विरोध में आज राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धिक्कार मार्च निकालेगा।

03. बिहार राज्य महिला आयोग ने महिलाओं को लेकर दिये आपत्तिजनक बयान के मामले में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को नोटिस भेजा।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने आज रोहतास, औरंगाबाद और अरवल समेत प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भाग में लू की चेतावनी जारी की।

——————————————————

प्रदेश में जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर अब कोयले की भी बिक्री की जायेगी। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रति माह एक क्विंटल कोयला मिलेगा। वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच राज्य सरकार ने यह फैसला किया है।

——————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से आज राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धिक्कार मार्च निकाला जायेगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं होने के विरोध में यह मार्च निकाला जा रहा है। श्री कुशवाहा ने विधेयक के पास नहीं होने के लिए विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराया है।

———साउंड बाइट———

——————————————————

कांग्रेस ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने को लेकर केन्द्र सरकार पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार जानबूझकर महिला आरक्षण की प्रक्रिया में देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि जनगणना और परिसीमन

जैसी शर्तें जोड़कर महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखने की कोशिश की जा रही है।

————————————————————————

बिहार राज्य महिला आयोग ने महिलाओं को लेकर दिये गय आपत्तिजनक बयान के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को नोटिस भेजा है। आयोग ने उनसे तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण की मांग की है। आयोग की अध्यक्ष अप्सरा द्वारा भेजे गये नोटिस में कहा गया है कि सांसद के बयान से महिलाओं के आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है। पत्र में कहा गया है कि इस तरह के घृणित बयान के लिए क्यों नहीं उनके खिलाफ लोकसभा की सदस्यता रद्द करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से अनुशंसा की जाए? इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने भी पप्पू यादव के बयान को आपत्तिजनक, असंवेदनशील और भेदभावपूर्ण सोच का प्रतीक बताया है। वहीं, सांसद पप्पू यादव ने कहा कि उनके बयान को संदर्भ से काटकर और तोड़ मरोड़कर पेश किया गया है।

————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने जमीन विवाद का समय पर निबटारा करने के लिए जिलाधिकारी और प्रमंडलीय आयुक्तों को अधिकृत किया है। नई व्यवस्था के तहत भूमि सुधार उपसमाहर्ता यानि डीसीएलआर महीने में दो बार जिलाधिकारी और प्रमंडलीय आयुक्त को बतायेंगे कि उन्होंने कितने मामलों का निबटारा किया है। विभाग ने सभी डीसीएलआर को जमीन संबंधी मामलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का भी निर्देश दिया है।

————————————————————————

राज्य में पिछले महीने में आंधी–तूफान और ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति पर तेरह जिलों के किसानों को मुआवजा मिलेगा। ये जिले हैं– सहरसा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, अररिया, बेगूसराय, मधुबनी, पूर्णिया, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, दरभंगा, सुपौल और भागलपुर। विभाग ने प्रभावित किसानों से कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत पांच मई तक ऑनलाइन आवेदन मांगा है। अधिक जानकारी के लिए किसान कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर– एक आठ शून्य शून्य, एक आठ शून्य, एक पांच पांच एक पर या संबंधित जिला कृषि पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि स्कूलों में पढ़ाई को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय समीक्षा

बैठक के दौरान उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षकों के पदस्थापन और स्थानांतरण के लिए सॉफ्टवेयर को और पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने शिक्षकों की स्थानांतरण नीति, पुस्तकालय पात्रता परीक्षा, पीएमश्री पोषण योजना और पाठ्य पुस्तक वितरण योजना की भी समीक्षा की।

————————————————————

जनगणना दो हजार सत्ताईस के तहत बिहार में स्व–गणना अभियान को व्यापक जनभागीदारी मिल रही है। बीस अप्रैल तक राज्य में कुल तीन लाख उनहत्तर हजार से अधिक परिवारों ने स्व–गणना में भाग लिया है। इसमें से तीन लाख तेईस हजार आठ सौ उनासी परिवारों ने प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि पैंतालीस हजार नौ सौ परिवारों ने स्व–गणना की शुरुआत की है। राजस्व विभाग के अनुसार स्व–गणना में लोगों की सक्रिय भागीदारी हो रही है। विशेष रूप से वैशाली, खगड़िया और मधुबनी जैसे जिलों में स्व–गणना को लेकर उल्लेखनीय उत्साह देखा जा रहा है। स्व–गणना की प्रक्रिया एक मई तक चलेगी।

————————————————————

राज्य सरकार ने ओवरलोड वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने के लिए सीमावर्ती इलाकों की प्रमुख सड़कों पर स्वचालित वाहन भार मापन प्रणाली स्थापित की है। ओवरलोड वाहनों से सड़कों को होने वाले नुकसान के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से महाधिवक्ता पीके शाही ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई आधारित इस प्रणाली के माध्यम से ओवरलोड वाहनों पर तुरंत कार्रवाई संभव है और उनसे जुर्माना भी वसूला जा सकता है। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि बिहार इस तरह की प्रणाली लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। मामले की अगली सुनवाई बारह मई को होगी।

————————————————————

पटना–भोजपुर–सासाराम फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य चार महीने में शुरू हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि ओमान की कंपनी के साथ इस संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि अगस्त तक एजेंसी को बैंक से ऋण मिल जाएगा, जिसके बाद सितंबर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने आज रोहतास, औरंगाबाद और अरवल समेत प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भाग में लू की चेतावनी जारी की है।

———साउंड बाईट———

इधर, विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मोतिहारी, भागलुपर और शेखपुरा में लू जैसे हालात रहे। इन स्थानों का अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज किया गया। यह सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं, इस अवधि में बयालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गयाजी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। डेहरी का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव छह, शेखपुरा का बयालीस दशमलव पांच, सासाराम का इकतालीस दशमलव नौ, कैमूर, इकतालीस दशमलव आठ और पटना तथा भागलपुर का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वाल्मीकिनगर, सारण, मोतिहारी, बक्सर, मुंगेर और नालंदा समेत बारह जिलों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।

——————————————————————

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की आज पहली बरसी है। पिछले साल इसी दिन पहलगाम में आतंकवादियों ने छब्बीस निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले साल छह और सात मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। ऑपरेशन सिंदूर को याद करते हुए भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया है। जिसमें उन्होंने आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि जब मानवता की सीमाएं पार होती हैं तो जवाब निर्णायक होता है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से।

———रिपोर्ट———

——————————————————————

बीपीएससी द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के तीसरे चरण की परीक्षा के दौरान गया जी शहर के महावीर इंटर कॉलेज परीक्षा केन्द्र से एक महिला अभ्यर्थी को ब्लू टूथ डिवाइस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

——————————————————————

पटना के बुद्धा कॉलोनी के दुजरा में एक शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया।

——————————————————————

राजगीर खेल अकादमी में आयोजित तेरहवीं सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग का खिताब हरियाणा ने जीत लिया है। कल हुये फाईनल

मुकाबले में हरियाणा ने महाराष्ट्र को सत्रह–बारह के अंतर से शिकस्त दी। इससे पहले, तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में गत विजेता पश्चिम बंगाल ने राजस्थान को छब्बीस–पांच से हराकर कांस्य पदक जीता।

———————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बज़े से लखनऊ में खेला जाएगा। इधर, कल रात हैदराबाद में खेले गये एक मैच में सनराईजर्स हैदराबाद ने डेल्ही कैपिटल्स को सैंतालीस रनों से पराजित कर दिया।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– रूपरेखा तैयार, दस दिनों में होगा नई सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– अमेरिका और ईरान का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार रात इस्लामाबाद नहीं पहुंचा, शांति वार्ता पर संशय कायम।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– बिहार सरकार बारह हजार करोड़ लोन लेगी, एक करोड़ को मिलेगी रुकी पेंशन।

प्रभात खबर की सुर्खी है– दो सौ चौबीस हड़ताली राजस्व कर्मियों को राहत, निलंबन होगा वापस। संघ ने कहा – राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल रहेगी जारी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– जदयू विधायक दल के नेता बने श्रवण, नीतीश ने लगाई मोहर।

आज अखबार की सुर्खी है– सौ प्रतिशत इथेनॉल से चलेंगी गाड़ियां– गडकरी।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच राज्य सरकार ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों से कोयले की बिक्री करने का फैसला किया।

02. राष्ट्रीय लोक मोर्चा महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के विरोध में आज राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धिक्कार मार्च निकालेगा।

03. बिहार राज्य महिला आयोग ने महिलाओं को लेकर दिये आपत्तिजनक बयान के मामले में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को नोटिस भेजा।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने आज रोहतास, औरंगाबाद और अरवल समेत प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भाग में लू की चेतावनी जारी की।

—————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।